# मुख्यमंत्री ने 18 जीआई प्रमाण पत्रों का किया वितरण



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 18 जीआई प्रमाण पत्रों का वितरण किया। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसे एक दिन में सबसे अधिक 18 जीआई प्रमाण पत्र मिले हैं। अब तक उत्तराखंड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच के कारण ही आज भारत सरकार से उत्तराखंड के 18 उत्पादों को भौगोलिक संकेतक टैग युक्त प्रमाण पत्र मिल पाए हैं। जिन उत्पादों को जीआई टैग प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, उनके उत्पादकों को भी मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक है। 2003 में जीआई कानून बनने से लेकर 2023 तक के बीस वर्षों के सफर में पहली बार एक दिन में एक साथ किसी राज्य के 18 उत्पादों को जीआई प्रमाण पत्र निर्गत किये गए हैं। इस उपलब्धि से उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजनों के साथ ही कई अन्य वस्तुओं और इनसे संबंधित कलाकारों को न केवल काफी लाभ होगा अपितु दुनियाभर में उत्तराखंड को अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जीआई टैग युक्त उत्तराखंड के उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रयासों को इससे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी जिलों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यएक जनपद, दो उत्पादह्न योजना पर राज्य में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। इस योजना के तहत बाजार में मांग के अनुरूप कौशल विकास, डिजाइन, रॉ मैटेरियल, नई तकनीक आदि के आधार पर प्रत्येक जिले में दो उत्पादों का विकास किया जा रहा है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में वहां के स्थानीय उत्पादों को पहचान कर उनके अनुरूप परंपरागत उद्योगों का विकास करना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना से स्थानीय काश्तकारों एवं शिल्पकारों के लिए जहां एक ओर स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर हर जिले के स्थानीय उत्पादों को विश्वस्तरीय पहचान मिल रही है। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए आज का दिन बेहद हर्ष का दिन है। उन्होंने कहा उत्तराखंड के मोटे अनाज मण्डुआ, झंगोरा, लाल चावल सहित 18 उत्पादों को एक साथ भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान को बढ़ावा देने एवं श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए जो मार्ग दर्शन दिये गये हैं, उसके अनुरूप प्रदेश में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जीआई के लिए प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राज्य को एक साथ 18 उत्पादों के जीआई टैग प्राप्त हुए हैं जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड के 09 उत्पादों को जीआई टैग पहले ही मिल चुका है। कृषि मंत्री ने कहा कि 12 से 18 जनवरी 2024 तक एक सप्ताह का देहरादून में प्रदेश स्तरीय जीआई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज्य को जो 18 नये जीआई प्रमाण पत्र मिले हैं, उनमें उत्तराखंड चौलाई, झंगोरा, मंडुवा, लाल चावल, अल्मोड़ा लखोरी मिर्च, बेरीनाग चाय, बुरांस शरबत, रामनगर नैनीताल लीची, रामगढ़ आडू, माल्टा, पहाड़ी तोर, गहत, काला भट्ट, बिच्छूबूटी फैब्रिक, नैनीताल मोमबत्ती, कुमाऊंनी रंगवाली पिछोड़ा, चमोली रम्माण मास्क और लिखाई वुड कार्विंग शामिल हैं। उत्तराखंड के नौ उत्पादों तेजपात, बासमती चावल, ऐपण आर्ट, मुनस्यारी का सफेद राजमा, रिंगाल क्राफ्ट, थुलमा, भोटिया दन, च्यूरा ऑयल तथा ताम्र उत्पाद को पहले ही जीआई टैग प्राप्त हो चुका है।

इस मौके पर उत्तराखंड मण्डी परिषद एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भाष्कर खुल्बे, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, पद्मश्री एवं जीआई विशेषज्ञ रजनीकांत, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, और वर्चुअल माध्यम से भारत सरकार के महानियंत्रक प्रो. उन्नत पी. पंडित उपस्थित थे।

# मैती मिलन परिवार ने छात्रों-अभिभावकों-शिक्षकों को दिया सम्मान

## नई टिहरी शहर में सांस्कृतिक व पौराणिक गतिविधियों को बढ़ाने की पहल

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
**स्थानीय लोक** संस्कृति, त्योहारों और परंपराओं के संरक्षण को लेकर अग्रसर मैती मिलन परिवार ने भागीरथी विद्या सरोवर के मेधावी छात्रों-अभिभावकों व उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने का काम किया। स्थानीय प्रमुख लोगों ने मैती मिलन परिवार के कार्यक्रमों को शहर को ऊर्जा देने वाला बताया। इस मौके पर मैती मिलन परिवार के कार्यक्रम संयोजक अनुसूया नौटियाल और सीमा नौटियाल ने कहा कि उनका प्रयास है कि टिहरी में समरसता लाने के लिए टिहरी के प्रमुख स्कूलों के उत्कृष्ट छात्रों व शिक्षकों के सम्मान के साथ ही स्थानीय परंपराओं व संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का समय-समय पर किया जाना जरूरी है। जिसे लेकर लगातार टिहरी में काम किया जा रहा है। बौराड़ी में एक निजी होटल में आयोजित छात्र-अभिभावक व शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन किया गया। जिसमें मैती मिलन परिवार ने सम्मान प्रदान करने की चौथी श्रृंखला में एक-एक कर 300 मेधावी छात्रों, 200 अभिभावकों व 40 उत्कृष्ट शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने का काम किया। नई टिहरी पीजी कालेज के अध्यक्ष युवराज शाह और बादशाहीथौल एसआरटी परिसर की छात्र संघ महासचिव नम्रता मखलोगा को भी युवाओं के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय, सचिव महेंद्र सिंह विष्ट, संगीतज्ञ डा लता पांडे व डा संजय पांडे ने कहा कि मैती मिलन का का यह सम्मान प्रदान करने का कार्यक्रम सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रमों से टिहरी शहर की सजीवता बनी रहेगी और विभिन्न कल्चर गतिविधियों में मैती मिलन परिवार का योगदान अहम है। संगीत विद्यालय के डा. विकास फौंदणी व वरिष्ठ भाजपा नेता जीत राम भट्ट ने कहा कि मैती मिलन परिवार के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अनुसूया नौटियाल की की नगर के गतिविधियों के प्रति पहल शहर के लिए अहम है। उनके प्रयास से पुरानी टिहरी में होने वाली सांस्कृतिक व पारंपरिक गतिविधियों को नई टिहरी में स्थान मिल रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रागिनी भट्ट, डा सीमा नौटियाल, संगीता रावत, सोनिया, कुसुम, विमलेश नौटियाल, पुष्पा रावत, लक्ष्मी डंगवाल आदि मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन सतीश थपलियाल ने किया।

# मुख्यमंत्री ने 'मेरी योजना' पुस्तक का ई बुक के रूप में किया विमोचन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग,उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गई पुस्तक ह्यमेरी योजनाह्न का विमोचन ई बुक के रूप में किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आम जनता के हित में लागू की जाने वाली विभिन्न योजनाओं को पुस्तक के माध्यम से सरल भाषा में समझाने का प्रयास किया गया है। इससे जन सामान्य को जनहितकारी योजनाओं को सरल भाषा में समझने में सुविधा होगी। यह पुस्तक जनप्रतिनिधियों तथा आम जनमानस के साथ-साथ अधिकारीगणों एवं कार्मिकों के लिए भी उपयोगी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी, आवेदन कैसे और कहां करना है एवं योजनाओं की पात्रता/चयन प्रक्रिया क्या है तथा आवेदन हेतु किन-किन आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता रहती है।

इससे संबंधित जानकारी को सुलभता से समझाने की प्रक्रिया को पुस्तक के रूप में सरल भाषा में समावेश किया जाना निश्चित रूप से सभी के लिए उपयोगी रहेगा। सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने बताया कि इस पुस्तक को प्रकाशित करने का मूल उद्देश्य जनसामान्य को जनकल्याणकारी, स्वरोजगारपरक, रोजगारपरक, कौशल विकास, प्रशिक्षणपरक एवं निवेशपरक योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराना है।

सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन ने बताया कि इस पुस्तक में लगभग 55 विभागों, संस्थाओं, संगठनों, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियों एवं आयोगों की लगभग 400 योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों के मूलभूत सेवाओं, प्रमाणपत्रों, पोर्टल का समावेश किया गया है।

इससे राज्य सरकार के सभी विभागों द्वारा आम जनमानस के हित में संचालित की जाने वाली योजनाओं की जानकारी इस पुस्तक के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाना है।

# पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने ठेकेदारों पर लगाया अभद्रता का आरोप

**हरिद्वार/ टीम एक्शन इंडिया**
**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। सहायक अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। रुड़की लोक निर्माण के सहायक अभियंता एसके त्यागी ने सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने कार्यालय में कार्य कर रहे थे तभी कुछ ठेकेदार उनके पास आए और टेंडर न निकलने की बात कहते हुए अभद्रता की। उन्होंने कहाकि जब उन्होंने ठेकेदारों को समझने का प्रयास किया तो उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी और वहां रखे दस्तावेज फाड़ दिए। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगे।

# जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण: डीएम

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
**जनता** मिलन कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतें सुनते हुए 25 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों को प्राथमिक से निस्तारित करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम प्रधान भुटली आशीष रणाकोटी ने नैल भुटली पवेथ मोटर मार्ग निर्माण कार्यों के मानकों के अनुरूप न बनाये जाने और दुर्घटनाओं के संभावनाओं के चलते तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की गई। इस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि नरेंद्र नगर को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम भेनगी पट्टी रैका प्रताप नगर निवासी पूर्व सैनिक भागचंद रमोला ने मकान में आ रही दरारों के चलते खतरा बताते हुए सर्वे कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। डीएम ने एसडीएम प्रतापनगर को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ग्राम सभा पांगरखाल के समस्त ग्रामवासियों ने राशन डीलर की दुकान दूर होने के कारण ग्राम सभा पांगर एवं बुडोगी के राशन कार्ड धारकों की राशन डीलर पांगरखाल के मुकेश सजवाण से उपलब्ध करवाने की मांग की। इस अवसर पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, डीएफओ पुनीत तोमर, एडीएम केके मिश्रा, डीडीओ सुनील कुमार, सीएमओ डा मनु जैन आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय जन चेतना संस्थान ने नशे के विरुद्ध चलाया अभियान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय** जन चेतना संस्थान ने "शुद्धि एक अभियान "(एक युद्ध नशे के विरुद्ध) अभियान के अंतर्गत शहीद सैनिक नरपाल सिंह अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, थानों मे समाज के युवाओं के अंदर फैल रहे नशे के दुष्परिणाम के विषय में जानकारी दी गई। सोमवार को आयोजित जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत संस्थान के अध्यक्ष विक्रम सिंह भंडारी ने नशे के दुष्प्रभाव और दुष्परिणाम छात्रों को बताए गए और छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि समाज में इस अभियान को सभी को एक साथ मिलकर आगे बढ़ाना है।उन्होंने छात्रों से कहा कि नशे से दूर रहकर देश के निर्माण में पूर्ण सहयोग करे। अध्यक्ष ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कैसे और क्यों छात्र नशे में पड़ते हैं और किस प्रकार इससे बचा जा सकता है।मजबूत राष्ट्र निर्माण एवं विश्व गुरु बनने के लिए नशे से बचना आवश्यक है। महीपाल सिंह कृषाली द्वारा बताया गया कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और स्वस्थ समाज का निर्माण आप सभी के सहयोग से ही सम्भव होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आर एन पांडे, दीप्ति ,सोफिया ,पमिता मनोरी , चंद्रशेखर एवं सुरुचि विमला देवी,वरिष्ठ समाज सेवी महीपाल सिंह कृषाली ,क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन चौहान ,रैनापूर ग्रांट प्रधान अभिषेक कृषाली और विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### बारात से लौट रहे दो युवकों की दुर्घटना में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
**बारात** से घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की फ्लाईओवर के पिलर से टकराने के कारण मौत हो गई। दोनों युवक कलियर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों बाइक से देवबंद एक बारात में शामिल होने गए थे। पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। कालियर थाना क्षेत्र के गाड़ोवाली निवासी अली शेर पुत्र बाबर हुसैन और मोहम्मद आलम पुत्र इस्लाम रविवार शाम गांव से एक बारात में शामिल होने बाइक से देवबंद गए थे। देर रात बरात में शामिल होने के बाद वह दोनों वापस कलियर क्षेत्र स्थित अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही वह मंगलौर में अब्दुल कलाम चौक के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक फ्लाईओवर के पिलर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों की शिनाख्त उनके पास से मिले कागजों के आधार पर की और फिर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद गांव में खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

### छापेमारी में दो वाहन चोर गिरफ्तार, 03 दोपहिया वाहन बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के तीन वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। सिडकुल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महिन्द्रा चौक सिडकुल से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर क्षेत्र से चोरी की 03 बाइक बरामद कीं। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अमजद पुत्र रियासत उर्फ छोटा निवासी ग्राम बहबलपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार और मौ. आरिफ उर्फ सोनू पुत्र अनवर शाह निवासी ग्राम रोशनाबाद सिडकुल हरिद्वार बताए।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, मौसेरा भाई निकला अमित का हत्यारा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
**ट्रांसपोर्ट नगर** पुलिस ने क्षेत्र में हुए एक ब्लाइंड मर्डर का नौ दिन बाद खुलासा कर दिया है। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद मीणा ने बीते दिनों हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में ब्लाइंड मर्डर केस का प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा करते हुए बताया कि अमित की हत्या उसके मौसेरे भाई ने की गई थी। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया था, जिसको पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में कत्था फैक्टरी के पास पिता की दुकान संभाल रहे 30 वर्षीय अमित कश्यप पुत्र सुमेर कश्यप पर 26 नवंबर को अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में बेहद गंभीर अवस्था में घायल युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी बेहद नाजुक हालत को देखते हुए युवक को वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल अमित की मौत हो गई थी।

# मंडलायुक्त कुमाऊं ने गौला नदी खनन निकासी को लेकर डीएम नैनीताल को दिए निर्देश

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
**गौला** नदी में खनन शुरू नहीं होने के कारण राज्य सरकार को रोजाना करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। ऐसे में गौला नदी से उपखनिज की निकासी जल्द से जल्द हो, इसको लेकर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत गंभीर नजर आ रहे हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि गौला नदी से राज्य सरकार को रोजाना एक बड़े राजस्व की प्राप्ति होती है, ऐसे में उसको खोलने को लेकर तैयारियां चल रही हैं। वन निगम के संचालित तौल कांटों में भी कुछ दिक्कतें आ रही थीं, जिसको दूर करने के प्रयास वन निगम कर रहा है। जिला खनन समिति ने भी इस संबंध में बैठकें की हैं और खनन से जुड़े जो भी तकनीकी दिक्कतें हैं, उनको दूर करने के निर्देश डीएम नैनीताल को दिए गए हैं। उम्मीद है कि जल्द से जल्द गौला नदी में खनन शुरू किया जाएगा, ताकि सरकार को राजस्व मिल सके और स्थानीय स्तर पर खनन कारोबार से जुड़े हर तबके को राहत मिल सके। गौरतलब है कि हल्द्वानी की गौला नदी को कुमाऊं की लाइफ कहा जाता है। नदी से उपखनिज की निकासी होने पर हल्द्वानी के व्यापार पर सकारात्मक असर पड़ता है।

# ई-रिक्शा में चार किलो गांजे की तस्करी करते दो आरोपित गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
**ऋषिकेश** कोतवाली पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनसे ई-रिक्शा में 04 किलो गांजा बरामद किया है। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम ने भैरव मंदिर लक्ष्मण झूला रोड के पास से दो व्यक्तियों को ई रिक्शा रजिस्ट्रेशन नंबर यूके14इआर1382 पर गांजे की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों के पास से कुल 4 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर ई रिक्शा को सीज किया गया है। पकड़े गए आरोपितों के नाम विशाल पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम पुंडोरा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी जाटव बस्ती ऋषिकेश ,जोगेंद्र कुमार पुत्र रोशन कुमार निवासी ग्राम पुंडोरा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हैं।

# संतों का समर्थन जुटाने को हरिद्वार में संत करेंगे पदयात्रा




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
**इस्लामिक जिहादियों** के शिवशक्ति धाम के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की हत्या की लगातार कोशिशों पर सरकार की उनकी सुरक्षा की अनदेखी करने से सन्यासियों में आक्रोश है। यति सन्यासियों ने अपने गुरु के सम्मान और सुरक्षा के लिये हर संघर्ष के लिये कमर कस ली है। उन्होंने इसके लिये एक लाख हस्ताक्षर करवाकर एक जनहित याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में डालने का निर्णय लिया है। इसके लिए हस्ताक्षर अभियान का आरम्भ हरिद्वार से किया जाएगा, जहां यति सन्यासियों का एक समूह यति रामस्वरूपानंद महाराज के नेतृत्व में हरिद्वार के प्रत्येक आश्रम में जायेगा और सभी सन्तों से जनहित याचिका पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध करेंगे। इसको लेकर अपने अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी देने के लिये आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में यति रामस्वरूपानंद महाराज ने कहा कि उनके गुरु महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने अपना पूरा जीवन सम्पूर्ण विश्व को इस्लामिक जिहाद की सच्चाई और खतरे से अवगत कराने में लगाया है। इसी कारण आज सम्पूर्ण दुनिया के इस्लामिक जिहादी उनका कत्ल करना चाहते हैं। आज स्थिति यह है कि पूरे देश में कही भी कोई इस्लामिक जिहादी पकड़ा जाता है तो वह यह जरूर बताता है कि उसका लक्ष्य महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की हत्या करना है। यहां तक कि प्रयागराज में बस कंडक्टर हरिकेश

विश्वकर्मा की नृशंस तरीके से हत्या करने वाले लारेब हाशमी ने भी खुलकर डासना वाले महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की हत्या का आह्वान किया है। उन्होंने कहाकि आज सारी दुनिया इस बात को समझ ले कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की मृत्यु सम्पूर्ण विश्व और मानवता के भविष्य को तय करेगी। यति सत्यदेवानंद महाराज ने कहा कि सन्त समाज का नैतिक दायित्व है कि वह

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज को कमलेश तिवारी ना बनने दे। अगर इस्लाम के जिहादी महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की हत्या करने में सफल हो गए तो उनका हौसला इतना बढ़ जाएगा कि फिर भारतवर्ष में कोई सुरक्षित नहीं रहेगा।

# मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर सचिवालय के विश्वकर्मा भवन में स्थित वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली ह्लसभागारह्ल (पंचम तल) में मंत्रिमंडल की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में कई अहमद प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। इसमें कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, रेखा आर्य मौजूद हैं जबकि मंत्री सौरभ बहुगुणा वर्चुअल के माध्यम से जुड़ने वाले हैं।बताया जा रहा है कि इन्वेस्टर्स समिट, यूसीसी के साथ साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए जाएंगे।

# सरोवर नगरी में सर्दियों की पहली बारिश के बाद ही जले अलाव

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल** की सर्दियों की पहली बारिश के साथ सर्दियों की शुरूआत हो गयी है। नगर में रात्रि में अनपेक्षित तौर पर हुई सर्दियों की पहली बारिश के बाद अलाव जलाए गए। हालांकि सोमवार की सुबह गुनगुनी व खुशगवार रही। इस दौरान नैनी झील की परियां कही जाने वाली मछलियां और पूरी नगरी खिली-खिली व धुली-धुली सी और धूप का आनंद लेती नजर आयी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ नगर के नीले आसमान में बादल छाये रहे और सूर्य देव के साथ धूप-छांव का खेल खेलते हुए मौसम को सर्द कर गये। ऐसे में नगर का अधिकतम तापमान इकाई के अंकों में आ गया। इसके बावजूद नगर की मॉल पर रंग-बिरंगे गर्म वस्त्रों में लिपटे सैलानी नजर आये, जबकि नगर वासी इस मौसम में पहली बार अलाव का सहारा लेते भी नजर आये। बहरहाल सैलानियों के लिये नैनीताल आने का यह बेहतरीन समय है। इस समय ना ही शहर में अधिक भीड़भाड़ है और न होटलों के कमरे या अन्य पर्यटन सुविधाएं मिलने की कोई समस्या ही है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने पिछले सप्ताह रविवार व सोमवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था, लेकिन बारिश बीती रात्रि बिना किसी संभावना के हुई।

# दूसरे राज्यों के अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा: अभिनव कुमार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तराखंड राज्य** के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार सोमवार को हरिद्वार पहुंचे और जनपद के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात मीडिया से अपना विजन साझा किया। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अभिनव ने कहा कि अपराध व कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले अपराधियों ने अपनी गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाई तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान पुलिस कप्तान प्रमेंद्र डोबाल ने डीजीपी को जिले की अपराध, मुकदमों और कार्रवाई से संबंधित

जानकारी दी। एसपी क्राइम और यातायात अजय गणपति ने जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए प्लान बताया। पुलिस महानिदेशक अभिनव ने पत्रकारों को बताया कि हरिद्वार प्रदेश का महत्वपूर्ण और बड़ा जिला है। नया राज्य के बनने के बाद प्रदेश में तेजी से विकास हुआ है, लेकिन इसके साथ ही उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों से अपराधियों ने उत्तराखंड का रुख किया है। उन्होंने कहा कि मुझसे पूर्व भी कई अधिकारियों ने अच्छे कार्य किए हैं। उन प्रयासों को निरन्तर जारी रखते हुए यह प्रयास किया जाएगा कि उत्तराखंड पुलिस देश की नंबर वन पुलिस बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए विभाग की महिला पुलिसकर्मियों के प्रति भी अच्छा माहौल बनाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी और अधिकारी ईमानदारी से कार्य करें और अपना व्यवहार अच्छा रखें। जोशीमठ और उत्तरकाशी सुरंग हादसे का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पुलिस को और ज्यादा चुस्त दुरुस्त किया जाएगा।

